भारत सरकार

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 5043**

उत्तर देने की तारीख 23 मार्च, 2026

सोमवार, 02 चैत्र, 1948 (शक)

**पेद्दापल्ली लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में युवाओं के लिए कौशल प्रशिक्षण सहायता**

**5043. श्री वामसि कृष्णा गद्दाम:**

**क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क) क्या सरकार अवगत है कि तेलंगाना के पेद्दापल्ली लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में एनटीपीसी-एससीसीएल कोयला पट्टी क्षेत्र में यांत्रिकीकरण, खानों के बंद होने और कर्मचारियों की संख्या में कमी के कारण युवाओं में बेरोजगारी बढ़ रही है;

(ख) यदि हाँ, तो क्या सरकार मानती है कि कोयला पट्टी क्षेत्र के युवाओं के लिए कौशल परिवर्तन और उन्हें पुन: कुशल बनाने की तुरंत आवश्यकता है ताकि उन्हें इलेक्ट्रिक वाहन की सर्विसिंग, औद्योगिक मशीनरी की मरम्मत, विनिर्माण और संबंधित तकनीकी व्यापार जैसे उभरते क्षेत्रों में रोजगार मिल सके और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का उक्त निर्वाचन क्षेत्र में ईवी-सर्विसिंग प्रशिक्षण केंद्र, मशीनरी की मरम्मत से सबंधित कार्यशालाएँ, औद्योगिक कौशल हब या इसी तरह की तकनीकी प्रशिक्षण सुविधाएँ स्थापित करने का कोई विचार है;

(घ) यदि हाँ, तो स्थान, क्षमता, उपलब्ध पाठ्यक्रम और कार्यान्वयन की समय-सीमा सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं तथा सरकार द्वारा उक्त निर्वाचन क्षेत्र के कोयला पट्टी क्षेत्रों में युवाओं के लिए सतत रोजगार सुनिश्चित करने हेतु उठाए गए/उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री जयन्त चौधरी)

**(क) से (ङ)** कोयला मंत्रालय के अनुसार, पेद्दापल्ली लोक सभा क्षेत्र में मशीनीकरण, खदानों के बंद होने या कार्यबल के युक्तिकरण के कारण युवाओं के बीच ऐसा कोई व्यापक बेरोज़गारी का मामला रिपोर्ट नहीं हुआ है। सिंगारेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) जो तेलंगाना सरकार और भारत सरकार की संयुक्त स्वामित्ववाली कंपनी है (इक्विटी अनुपात 51:49) किसी भी स्थानीय प्रभावों से निपटने के लिए कौशल विकास और वैकल्पिक आजीविका के अवसरों को बढ़ावा देना जारी रखे हुए है। वर्ष 2023-24 से, एससीसीएल के चार (04) कौशल विकास केंद्रों द्वारा सौर तकनीशियन, ड्रोन तकनीशियन, कंप्यूटर डीटीपी, वेल्डिंग आदि में 721 व्यक्तियों को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। इनमें से 225 व्यक्तियों को रामागुंडेम,

पेद्दापल्ली लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र, तेलंगाना के कौशल विकास केंद्रों/समूह व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र में कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। वर्ष 2022-23 से रोजगार सृजन के उद्देश्य से 640 उम्मीदवारों को वोल्वो डम्पर का प्रशिक्षण दिया गया है। एससीसीएल में हेवी अर्थ मूविंग मशीनरी (एचईएमएम) के छह मॉड्यूल पर दो सिमुलेटर प्रभावी ढंग से काम कर रहे हैं, जिनका उद्देश्य एचईएमएम ऑपरेटरों के कौशल विकास में योगदान देना है।

भारत सरकार के स्किल इंडिया मिशन (सिम) के तहत, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) अपने विभिन्न योजनाओं, जैसे प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई), जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस), राष्ट्रीय शिक्षुता प्रोत्साहन योजना (एनएपीएस) के तहत कौशल विकास केंद्रों के व्यापक नेटवर्क के माध्यम से और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) की शिल्पकार प्रशिक्षण योजना (सीटीएस) द्वारा तेलंगाना के पेद्दापल्ली लोक सभा क्षेत्र सहित देश भर के समाज के सभी वर्गों को कौशल, पुनर्कौशलीकरण और कौशलोन्नयन प्रशिक्षण प्रदान करता है। स्किल इंडिया मिशन का उद्देश्य भारत के युवाओं को भविष्य के लिए तैयार करना और उन्हें उद्योग से संबंधित कौशलों से सुसज्जित करना है, जिसमें इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी), उन्नत विनिर्माण, एडिटिव विनिर्माण, रोबोटिक्स आदि जैसे उभरते क्षेत्र शामिल हैं।

देश में व्यावसायिक प्रशिक्षण व्यवस्था की समग्र गुणवत्ता और प्रासंगिकता को बढ़ाने के लिए, उन्नत आईटीआई के माध्यम से प्रधानमंत्री कौशल विकास एवं रोजगार क्षमता परिवर्तन (पीएम सेतु) योजना का उद्देश्य हब और स्पोक मॉडल में 1,000 सरकारी आईटीआई (200 हब आईटीआई और 800 स्पोक आईटीआई) का उन्नयन करना है। इस उन्नयन में स्मार्ट क्लासरूम, आधुनिक प्रयोगशालाएं, डिजिटल सामग्री और उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप नए पाठ्यक्रम शामिल हैं। इसके अलावा, इसका उद्देश्य भुवनेश्वर, चेन्नई, हैदराबाद, कानपुर और लुधियाना में स्थित पांच राष्ट्रीय आईटीआई की क्षमता बढ़ाना है, जिसमें कौशल विकास के लिए क्षेत्र-विशिष्ट राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करना भी शामिल है। वैश्विक साझेदारी के साथ प्रशिक्षकों के उन्नत प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

कौशल विकास कार्यक्रमों के अतिरिक्त, सरकार प्रधानमंत्री मजदूरी और स्वरोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएवाई-एनआरएलएम), दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू-जीकेवाई), ग्रामीण स्वरोजगार और प्रशिक्षण संस्थान (आरएसईटीआई), दीन दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डीएवाई-एनयूएलएम), पीएम स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि), प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई), पीएम विकसित भारत रोजगार योजना, पीएम विश्वकर्मा, स्टैंड-अप इंडिया, स्टार्ट अप इंडिया आदि जैसी रोजगार सृजन योजनाएं/कार्यक्रम भी लागू कर रही है।

*****